Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005
Participants : Sikdar Smt. Joytirmoyee,Chatterjee Shri Somnath

an>

Title : Regarding World AIDS Day.

श्रीमती ज्योतिर्मयी सिकदर (कृानगर) : अध्यक्ष महोदय, आज अंतर्राट्रीय एड्स जागरुकता दिवस है। मैं सब से पहले यू.पी.ए. सरकार की तारीफ करना चाहती हूं कि उसने एड्स से बचाने के लिये शक्तिशाली कदम उठाये हैं। मैं सरकार से कुछ मांग भी करना चाहती हूं। आज दुनिया के बहुत सारे देशों में यह बीमारी खतरनाक रूप ले रही है और भारतर्वा भी इससे बचा नहीं है। हमारे देश में इस रोग के संबंध में जनता के मन में बहुत सारी गलत धारणायें हैं। जैसा कि यह रोग छूआछूत का रोग है। मेरा कहना है कि इस रोग को सामाजिक बहिकार से बचाना चाहिये। रोग निवारण और रोग से बचाने के लिये सुरक्षा जरूरी है। देश के कई प्रदेशों में कंडोम मुफ्त में वितरित किये जा रहे हैं। इस रोग से बचाने के लिये यह जरूरी है कि सड़क के किनारे ढाबा हैं जहां ट्रक ड्राइवर ठहरते हैं और सैक्स वर्कर्स हैं, उनको सही जानकारी दिये जाने के लिये उन्हें शिक्षित किया जाये। इसके लिये कैम्प लगाये जायें जहां इस पाठ्यक्रम का नियोजन किया जाये क्योंकि आज उपभोगवाद का लालच बढ़ रहा है। आज की युवा पीढ़ी को इस रोग से बचाने के लिये सस्ते मनोरंजन से जुड़ी मीडिया नीति बनाई जाये। पूरे भारतर्वा में एड्स के रोगियों को एक जगह इकट्ठा किया जाये। पिछले कुछ र्वाों से सचमुच यह रोग बहुत ज्यादा बढ़ रहा है। इसके लिये जगह-जगह पर कौंउसलिंग सैंटर्स खोले जायें। मूल रूप से इसकी शिक्षा पर जोर दिया जाये। अगर जरूरत हो तो अलग-अलग मंत्रालयों की संयुक्त निगरानी समिति बनाई जाये जो इस खतरनाक रोग से देश को बचाने के लिये रणनीति तैयार करे।

MR. SPEAKER: I have received notices, appropriately, from a few other Members on this subject and I am thankful to them. They are: Shrimati Minati Sen, Shri Shailendra Kumar, Shri Varkala Radhakrishnan, Dr.K.S.Manoj, Shri P. Karunakaran and Shri Rajnarayan Budholia. They have all given notices on this matter. I appreciate their initiative. Their names will be recorded as associating with this matter.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: No more.

श्री राजनरायन बुधौलिया : अध्यक्ष महोदय, बुन्देलखंड क्षेत्र में एड्स के उपचार के लिये चिकित्सा केन्द्र खोले जायें।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, आपके सुझाव को नोट कर लिया गया है।